उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन-तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ-226010

संख्या- 06 /सूचना-परीक्षा/यू०पी०एस०एस०एस०सी०/2015

आवश्यक सूचना

उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- 09/परीक्षा/2015 के अन्तर्गत विज्ञापित उत्तर प्रदेश सचिवालय प्रशासन (अधिष्ठान) विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन विधान भवन रक्षक/अग्निरक्षक तथा प्रमुख वन संरक्षक उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन वनरक्षक/ वन्य जीव रक्षक के, कुल 563 रिक्त पदों के सापेक्ष आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उल्लिखित पदों पर चयन हेतु प्रथम चरण की 180 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा के लिए आयोग द्वारा निम्नवत परीक्षा योजना एवं परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम निर्धारित किए जाने का निर्णय लिया गया है:-

विधान भवन रक्षक, विधान भवन अग्नि रक्षक, वन्यजीव रक्षक एवं वन रक्षक के पदों पर चयन हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यकम

(1) प्रथम चरण– लिखित परीक्षा 180 अंक

लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी, जिसके विषय एवं अंक निम्नवत् हैं:–

विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	समयावधि I
भाग–1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता	80	80	02 घण्टे
भाग–2 सामान्य जानकारी	50	50	
भाग–3 सामान्य बुद्धि परीक्षण	50	50	
योग	180	180	
(2) द्वितीय चरण– साक्षात्कार	–	20	
कुल योग	–	200	

पाठ्यकम

भाग–1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता–

उक्त भाग में अभ्यर्थियों से हिन्दी भाषा का ज्ञान तथा समझ एवं लेखन योग्यता संबंधी प्रश्न पूछे जायेंगे। यह प्रश्नपत्र उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा के स्तर का होगा।

भाग–2 सामान्य जानकारी–

उक्त भाग में अभ्यर्थियों से उसके चारों ओर के वातावरण के संबंध में सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके उपयोग के संबंध में उसकी योग्यता आंकने के लिए प्रश्न पूछे जायेंगे। उक्त भाग में सम–सामयिक घटनाओं, प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों, विशेष रूप से भारत

से संबंधित ऐतिहासिक एवं भौगोलिक तथ्यों से संबंधित, वैज्ञानिक पहलुओं के ज्ञान, वन–पर्यावरण–जलवायु से संबंधित प्रश्न भी पूछे जायेंगे, जिनकी किसी इण्टरमीडिएट शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है।

भाग–3 सामान्य बुद्धि परीक्षण–

इस भाग में पूछे जाने वाले प्रश्नों का उद्देश्य किसी नवीन परिस्थिति को समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण तथा पहचान करने एवं तर्क करने की योग्यता को मापना है। इस भाग में ऐसे प्रश्न भी पूछे जायेंगे, जो अनुदेशों को समझने, संबंधों/समानताओं/संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने तथा बौद्धिक कियाओं से संबंधित हों।

उपर्युक्त के क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा विधान भवन रक्षक/ विधान भवन अग्निरक्षक व वन्यजीव रक्षक/ वनरक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा 2015 का आयोजन दिनांक 18.10.2015 (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक प्रदेश के 06 जनपदों- लखनऊ, कानपुर नगर, आगरा, गोरखपुर, इलाहाबाद व गाज़ियाबाद में सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है।

11/10/15

सचिव,

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

लखनऊ।